# समाचार
# छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना
## दिसम्बर से मार्च माह के बीच कराई जाएंगी विभिन्न तीर्थो की यात्राएं
## (आवेदन हेतु अंतिम तिथियां निर्धारित, वरिष्ठजन कर सकते हैं आवेदन)

कोरबा 13 अक्टूबर 2015 –छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत माह दिसम्बर 2015 से मार्च 2016 तक वरिष्ठ नागरिकों को विभिन्न तीर्थो की यात्राएं कराये जाने हेतु कार्यकम तैयार कर लिया गया है, विभिन्न तीर्थो की यात्रा हेतु आवेदन के संबंध में पृथक–पृथक अंतिम तिथियां निर्धारित कर ली गई है, योजना के अंतर्गत पात्र वरिष्ठ नागरिक निगम कार्यालय में अपने आवेदन जमा करा सकते है।

निगम के समाज कल्याण अधिकारी डॉ.शिरीन लाखे ने बताया कि छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत माह अक्टूबर 2015 से माह मार्च 2016 तक की अवधि में विभिन्न तीर्थो की यात्राएं कराए जाने हेतु तिथिवार कार्यक्रम प्राप्त हुए थे, जिसके तहत 03 अक्टूबर से 06 अक्टूबर तक गंगासागर, बिरला मंदिर एवं कालीघाट की तीर्थ यात्रा वरिष्ठ नागरिकों को कराई जा चुकी है। उन्होने बताया कि इस योजना के अंतर्गत दिसम्बर माह में दो यात्राएं, जनवरी 2016 में एक यात्रा एवं मार्च 2016 में दो यात्राएं कराए जाने का कार्यक्रम बनाया गया है, जिसके अनुसार 01 दिसम्बर से 04 दिसम्बर 2015 तक की अवधि में निःशक्तजनों को उज्जैन ओंकारेश्वर व महेश्वर की यात्रा कराई जाएगी, जिसके लिए निगम को 04 हितग्राही का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, इस यात्रा हेतु 10 नवम्बर 2015 तक आवेदन किये जा सकते हैं। इसी प्रकार 13 दिसम्बर से 18 दिसम्बर 2015 तक अजमेर शरीफ, पुष्कर, आगरा चिश्ती की दरगाह की यात्रा कराई जानी है, जिसके तहत निगम को 04 हितग्राहियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है तथा इसके लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25 नवम्बर 2015 निर्धारित की गई है। उन्होने बताया कि 07 जनवरी 2016 से 12 जनवरी 2016 तक द्वारिका सोमनाथ एवं नागेश्वर की यात्रा कराई जाएगी, जिसके लिए नगर पालिक निगम कोरबा को 90 हितग्राहियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है तथा इस हेतु 15 दिसम्बर तक आवेदन प्रस्तुत किये जा सकते है। इसी प्रकार 03 मार्च 2016 से 10 मार्च 2016 तक की अवधि में अजमेर शरीफ, पुष्कर, आगरा चिश्ती की दरगाह की यात्रा कराई जानी है, निगम को इस हेतु 04 हितग्राही का आवेदन प्राप्त हुआ है तथा 15 फरवरी 2016 तक आवेदन प्रस्तुत किये जा सकते है। 26 मार्च 2016 से 30 मार्च 2016 तक हरिद्वार, ऋषिकेश, भारतमाता मंदिर की यात्रा कराए जाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है, जिसके लिए निगम को 90 हितग्राहियों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है तथा इस हेतु 05 मार्च 2016 तक आवेदन किये जा सकेंगे।

**यात्रा हेतु पात्रता एवं अन्य शर्ते**– मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत यात्रा करने वाले इच्छुक वरिष्ठ नागरिक को छ.ग. का मूल निवासी होना चाहिए, उनकी उम्र 60 वर्ष या उससे अधिक हो, केवल 65 वर्ष से ऊपर की आयु के ऐसे आवेदक जो यात्रा पर अकेले जा रहे है को ही सहायक ले जाने की पात्रता होगी तथा सहायक की उम्र 21 वर्ष से 50 वर्ष के बीच होगी एवं पति–पत्नी के साथ यात्रा करने पर सहायक की आवश्यकता नही ंहोगी। इस योजना के अंतर्गत पूर्व में यात्रा न करने वाले व्यक्ति ही यात्रा के लिए पात्र होंगे, यात्रा हेतु शरीरिक एवं मानसिक रूप से आवेदक को सक्षम होना चाहिए तथा किसी संक्रामक रोग, यथा टी.बी., कांजेस्टिव कार्डियक, श्वास में अवरोध संबंधी बीमारी, coronary अपर्याप्तता coronary thormbosis, मानसिक व्याधि, संक्रामक कुष्ठ आदि से ग्रसित न हो, वर्तमान एवं भूतपूर्व शासकीय सेवक इस योजना के पात्र नहीं होगे। योजना हेतु आवेदक केवल एक ही बार यात्रा के लिए पात्र होंगे। अतः आवेदक पार्षद प्रमाण पत्र सहित निगम कार्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि से पूर्व जमा करना सुनिश्चित करे।